02/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाइक ने कल दोरजी खांडू कन्वेंशन सेंटर, ईटानगर में **‘राइज एंड शाइन’ कैलेंडर 2025** लॉन्च किया। कैलेंडर में राज्य की अद्‌वितीय सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन क्षमता पर प्रकाश डाला गया है, जो राज्य सरकार द्‌वारा राज्य को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता की पुष्टी करता है। राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन अरुणाचल प्रदेश को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विक्सित करने में योगदान देगा। उन्होंने विश्वास जताया हैं कि, पर्यटन और यात्रा पहल अरुणाचल प्रदेश की वास्तविक सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने और राज्य की पर्यटन क्षमता का दोहन करने में एक लंबा रास्ता तय करेगी। राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि अरुणाचल प्रदेश में विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनने की अपार संभावनएं हैं। उन्होंने कहा कि टाइम्स ग्रुप और मिस इंडिया ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से राज्य दुनिया के सामने अपने आप को रूबरू कराएगा। यह कार्यक्रम मिस इंडिया ऑर्गनाइजेशन और टाइम्स ग्रुप के सहयोग से राज्य पर्यटन विभाग द्‌वारा आयोजित किया गया था। कार्येक्रम में राज्य के पर्यटन आकर्षणों की एक विशेष रूप से तैयार की गई ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति का प्रीमियर किया गया, जिसमें अरुणाचल प्रदेश की सांस्कृतिक और प्राकृतिक संपदा की एक झलक पेश की गई।

0000000000000000000

राज्य के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने आज पासीघाट में सरकारी विभागों और स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा कार्यान्वित विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, उन्होंने पासीघाट स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के तहत एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, पासीघाट, मार्केट अपग्रेडेशन प्रोजेक्ट, गुमिन नगर में एंटरटेनमेंट सेंटर, सियांग रिवर फ्रंट साइट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट और स्मार्ट गेस्ट हाउस का दौरा किया। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत किए गए कार्यों की सराहना करते हुए, मुख्य सचिव ने डीसी कम चयरमैन एण्ड सीईओ को परियोजनाओं को आत्मनिर्भर और राजस्व पैदा करने वाले मोड पर चलाने की सलाह दी। मुख्यसचिव ने 2023-24 के दौरान दीनदयाल स्वावलंबन योजना के तहत वित्त पोषित ऑयल पाम प्लांटेशन और वाटर एम्यूजमेंट पार्क, कैदियों के लिए मौजूद सुविधाओं और उपायों का निरीक्षण करने के लिए पासीघाट जेल का दौरा भी किया।

00000000000000000

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बीयुराम वाघे ने वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में देशभर के मेडिकल कॉलेजों में दस हजार अतिरिक्त सीटें बढ़ाने और सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर खोलने की घोषणा का स्वागत किया है। दूरदर्शन समाचार से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर खोलने से राज्य में कैंसर रोगियों की बेहतर देखभाल में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में दस हजार अतिरिक्त सीटें जोड़ने से युवाओं के लिए मेडिकल शिक्षा के अवसर को भी बढ़ावा मिलेगा।

श्री वाहगे ने यह जानकारी सांझा की कि यूपिया में जल्द ही एक कैंसर अस्पताल खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल के लिए समझौता ज्ञापन और निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अरुणाचल प्रदेश में कैंसर के मामलों में वृद्धि पर शोध करने के लिए बी. बोरूआ कैंसर संस्थान, गुवाहाटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

**------ Byte Health Minister ------**

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के वन और वन्यजीव संरक्षण स्वयंसेवकों की पांच सदस्यीय टीम को राष्ट्रीय राजधानी में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में आमंत्रित किया गया और इस टीम ने विशेष अतिथि के रूप में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। अपनी यात्रा के दौरान, टीम ने भारत सरकार के वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ मुलाकात की। उनका चयन स्वर्णिम भारत के दृष्टिकोण के तहत पूर्वोत्तर के पैतीस प्रतिनिधियों के एक प्रतिष्ठित समूह का हिस्सा है, जो पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता हैं।

0000000000000000000

वर्लड वेटलैंड डे के अवसर पर गत शुक्रवार को दापोरिजो के सीक्रेट हार्ट स्कूल में भारतीय सेना ए कॉय 121 आईएनएफ बीएन (टीए) गढ़ राइफल द्वारा बच्चों के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सेना अधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति एवं पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति उनकी जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करना है। प्रतियोगिता में स्कूल की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

0000000000000000000

भारतीय सेना द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, अग्निपथ योजना के तहत अविवाहित पुरुष उम्मीदवारो के लिए, वर्ष 2025-26 में अग्निवीर के रूप में भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीकरण फरवरी 2025 के इसी सप्ताह से शुरू होगा। इसी के तहत राज्य के सभी अविवाहित पुरुष उम्मीदवारों से भी आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। रक्षा विज्ञप्ति में बताया गया है कि अग्निवीरों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार अपनी पात्रता स्थिति की जांच करने के लिए www.joinindianarmy.nic.in पर लॉग इन कर सकते हैं।

0000000000000000000